# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–**81/2025***

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राजभवन में 'ओणम' का उत्सव मनाया गया

**पटना 24 अगस्त, 2025 :–** आज राजभवन में केरल का प्रसिद्ध त्योहार 'ओणम' का उत्सव मनाया गया जिसमें माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने केरल के पारंपरिक परिधान में भाग लिया तथा राजा महाबली का स्वागत किया। उन्होंने सभी आगंतुकों से मुलाकात की तथा उन्हें 'ओणम' की बधाई दी।

इस अवसर पर माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने समस्त केरलवासियों और देशवासियों को भी 'ओणम' की बधाई और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने इस त्योहार के संबंध में पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि 'ओणम' राजा महाबली के सम्मान में मनाया जाता है और यह एकता, समृद्धि और केरल की सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। राजभवन में इसका आयोजन माननीय प्रधानमंत्री की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना के अनुरूप है।

इस अवसर पर फूलों की रंगोली सजायी गई तथा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ राजा महाबली के आगमन की प्रस्तुति हुई। आमंत्रित अतिथियों को केले के पत्ते पर केरल के 22 प्रकार के पारंपरिक शाकाहारी व्यंजन परोसे गए जिन्हें मलयालम में 'ओणम साध्या' कहते हैं। केरल के इस पारंपरिक भोज 'ओणम साध्या' का आयोजन राजा महाबली के सम्मान में किया जाता है। यह केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। सारे व्यंजन केरल से बुलाये गये रसोइयों द्वारा राजभवन में तैयार कराये गये थे। केले के पत्ते और हरी सब्जियाँ भी केरल से ही मंगाई गई थी।

राजभवन में पहली बार आयोजित इस ओणम उत्सव में बिहार में अनेक वर्षों से रह रहे केरल के विभिन्न धर्मों के लगभग 400 लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में इनके अतिरिक्त अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

............................................